विद्युत् प्रतिष्ठानों को ठीक कराने में लगभग एक लाख रुपए का खर्चा होगा और इसके अतिरिक्त किसी प्रकार की क्षति अथवा हानि शोधनशाला प्रतिष्ठानों को नहीं हुई थी । यह संकट अप्रत्याशित वर्षा के परिणामस्वरूप आया था और इसका सम्बन्ध शोधनशाला के किसी कार्मिक की लापरवाही अथवा असावधानी के कारण नहीं थी ।

3. बरौनी-बेगुसराय औद्योगिक कम्प्लेक्स क्षेत्र में पर्याप्त निकासी प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए उपायों पर राज्य सरकार सक्रिय रूप से विचार कर रही है ।

Broad Gauge Line on Latur-Pandharpur-Miraj Track

2529. SHRI R. K. MHALGI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the Maharashtra Government has urged upon the construction of broad gauge railway on Latur-Pandharpur-Miraj track;

(b) if so, when; and

(c) whether the Central Government have accepted the Maharashtra Government's request?

THE MINISTER OF RAILWAYS (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) Yes.

(b) Since 1960.

(c) Surveys have been carried out for the conversion of Miraj-Pandharpur-Kurduwadi-Latur Narrow Gauge line into Broad Gauge. It has, however, not been possible to take up the project on account of paucity of funds.

कच्चे तेल के आयात के लिए करार

2530. श्री मोठालाल पटेल : क्या पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कच्चे तेल के आयात के लिए किसी देश के साथ हाल में किसी करार पर हस्ताक्षर किये है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मन्त्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) और (ख). कैलेंडर वर्ष 1977 के दौरान 1.1 मिलियन मी० टन अरब के हल्के कच्चे तेल की सप्लाई करने के लिए इंडियन आयल कारपोरेशन ने हाल ही में सऊदी अरब की पैट्रोमिन नामक नेशनल कम्पनी के साथ एक करार किया है । इंडियन आयल कारपोरेशन के वाणिज्यिक हितों की दृष्टि से इसके और ब्यौरे प्रकट करना उचित नहीं होगा ।

नीम का थाना में सीमेंट कारखाने को रेलवे लाईन से जोड़ना

2531. श्री लालजी भाई : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन के मंत्रालय ने नीम का थाना (जिला सीकर, राजस्थान) में प्रस्तावित सीमेंट कारखाने को रेल लाईन से जोड़ने से इंकार कर दिया है जिसके कारण कारखाने का काम ठप्प पड़ गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या थे ?

रेल मन्त्री (प्रो० मधु दण्डवते): (क) और (ख) : नीम का थाना में सीमेन्ट